भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 283

05.02.2024 को उत्तर के लिए

एलिफेंट कॉरिडॉर में चल रहे रिजॉर्ट/होटल

283. श्री ए.के.पी. चिनराज :

क्या **पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के सभी राज्यों में एलिफेंट कॉरिडॉर में कितने रिजॉर्ट/होटल/होमस्टे चल रहे हैं;

(ख) सरकार द्वारा एलिफेंट कॉरिडॉर में उक्त होटलों/रिजॉर्ट को हटाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) एलिफेंट कॉरिडॉर में बंद पड़े रिजॉर्ट/होटलों की राज्य-वार सूची क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ग) : हाथी गलियारों में संचालित रिसॉर्टों/होटलों/होम स्टे से संबंधित सूचना मंत्रालय में नहीं रखी जाती है। मानव-हाथी संघर्ष (एचईसी) के उपशमन और प्रबंधन सहित वन्यजीवों का प्रबंधन मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी होती है। इसके अलावा, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने, राज्य वन विभागों के साथ समन्वय स्थापित करके, भारत में स्थित 15 हाथी रेंज वाले राज्यों में 150 हाथी गलियारों को जमीनी सत्यापन करके मान्यता प्रदान की है और राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से कहा है कि वे हाथी गलियारों को सुरक्षित एवं संरक्षित करने हेतु आवश्यक कदम उठाएं।

*****